ont>

Title: Need to take necessary steps to protect railway line and bridge at Gheera-Palia in Khiri Parliamentary Constituency from erosion caused by Sharda river - Laid.

***श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी):** अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र खीरी में बहने वाली शारदा नदी में अत्यधिक बाढ़ आ जाने के कारण काफी नुकसान हो रहा है। वर्तमान समय में इस नदी के बहाव के कारण घीरा पुलिया के मध्य सामरिक महत्व की रेलवे लाईन तथा पुल के कट जाने का खतरा पैदा हो गया है। प्रांतीय सरकार के अधिकारियों द्वारा रेलवे को सहयोग देने से असमर्थता प्रकट कर दी गयी है। ऐसी स्थिति में रेल की पटरी का कट जाना अवश्यंभावी हो गया है जबकि यह सीमा वर्ती क्षेत्र है।

अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि शीघ्र ही उच्चस्तरीय कदम उठाते हुए रेल की पटरी एवं पुल को बचाने का प्रयास करें तथा प्रान्तीय सरकार को निर्देशित करने का कट करें कि रेल विभाग से तालमेल करते हुए इस कार्य में सहयोग प्रदान करें।

---

*Laid on the Table.